प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 21.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज– विशाखापत्तनम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3 लाख से अधिक लोगों के साथ योग किया–कहा योग से शांति की दिशा मिलती है।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जैसलमेर के खुहडी के धोरों पर आयोजित राज्यस्तरीय मुख्य समारोह में भाग लिया–कहा –योग तनाव का उचित समाधान।

- प्रदेशभर में मौसमी बीमारियों के मद्देनजर 1 जुलाई से स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जायेगा।

- राज्य में ज्यादातर स्थानों पर मॉनसून की बारिश का दौर जारी –पाली, जोधपुर, जालोर और अजमेर में आज बरसात का ऑरेंज अलर्ट।

00000

11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्वभर में मनाया जा रहा है। **एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग** थीम पर विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास के आयोजन हो रहे है। मुख्य कार्यक्रम आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3 लाख से अधिक लोगों के साथ योग किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी मिलकर प्रयास करें कि योग केवल निजी अभ्यास न रहे बल्कि वैश्विक साझेदारी का माध्यम बने। हर देश हर समाज योग को जीवनशैली और लोकनीति का हिस्सा बनाये ताकि एक शांत, संतुलित और संयमित विश्व को गति मिले। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग से शांति की दिशा मिलती है।

.....

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्व ओबेसिटी की समस्या से जूझ रहा है। इससे योग के माध्यम से निजात मिल सकती है। साथ ही लोग खाने में दस प्रतिशत तेल कम करके ओबेसिटी पर नियंत्रण पा सकते है।

.....

प्रधानमंत्री के साथ केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चन्द्रंबाबू नायडू सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि भी इस योगाभ्यास में शामिल हुए। भारतीय नौसेना के ग्यारह हजार नौ कर्मियों ने भी योग किया। ये योग सत्र विशाखापत्तनम के आर. के. बीच से भोगपुरम तक लगभग 26 किलोमीटर के दायरे में आयोजित हुआ।

योग दिवस पर देशभर में योग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। आयुष मंत्रालय के सहयोग से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सभी स्मारक परिसर में योग सत्र आयोजित हो रहे है। इधर प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय समारोह जैसलमेर के खुहडी के रेतीले धोरों पर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यहां बडी संख्या में लोगों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारतीय सभ्यता की विश्व को देन है। योग विज्ञान हैं तथा तनाव से जूझती दुनिया के लिए एक उचित समाधान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से योग को अंतर्राष्ट्रीय मंच मिला है।

.....

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर के मेहरानगढ किला परिसर में, केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में योग दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। विभिन्न जिलों में भी प्रभारी मंत्रियों ने योग गुरूओं के निर्देशन में योगाभ्यास किया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से जयपुर के जंतर मंतर पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों और आम लोगों ने भाग लिया।

00000

संकटग्रस्त ईरान से भारतीयों को स्वदेश लाने के अभियान–ऑपरेशन सिंधु के तहत आज तड़के, तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से विशेष विमान नई दिल्ली पहुंचा। इसके साथ ही अब तक पांच सौ सत्रह भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं। इस्राइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण बिगड़ती स्थिति को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। कल रात भी 290 भारतीयों को लेकर एक विमान दिल्ली पहुंचा था। ईरान में भारतीय दूतावास बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में मदद कर रहा है। ईरान में रह रहे भारतीयों को आपात हेल्पलाइन के जरिए तेहरान में भारतीय दूतावास और नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के 24 घंटे कार्यरत नियंत्रण कक्ष के सम्पर्क में रहने को कहा गया है।

00000

प्रदेशभर में 1 जुलाई से स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जायेगा। बारिश के मौसम को देखते हुए 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के दौरान ग्रामीण स्तर तक दस्त से बचाव के लिये स्वच्छ पानी के उपयोग और हाथों की स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जागरूकता फैलाई जायेगी। इसके साथ ही चिकित्सा विभाग की ओर से 24 जून से 9 जुलाई तक पं. दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विभाग की कल जयपुर में स्वास्थ्य भवन में हुई स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में ये फैसले लिये गये।

.....

0000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर मॉनसून की बारिश का दौर जारी है। कल करीब 18 शहरों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं आज भी कई स्थानों पर सुबह से बरसात हो रही है। पाली में तडके तेज बरसात हुई, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गया। बालोतरा में रातभर रूक–रूक कर चल रहा बरसात का सिलसिला जारी है। जोधपुर और झालावाड में हल्की बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया है। राजधानी जयपुर में बादल छाये हुए है तथा कहीं–कहीं रिमझिम बरसात हो रही है। करौली में भी बरसात के समाचार है। मौसम विभाग ने आज पाली, जोधपुर, जालोर और अजमेर जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात तो कहीं भारी बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर तेज हवा चलने और बिजली गिरने की भी आशंका है। चित्तौडगढ, भीलवाडा, बारां, कोटा, टोंक और नागौर जिलों में अलग–अलग स्थानों पर हल्की बरसात हो सकती है।

0000

उत्तर पश्चिमी रेल्वे के जोधपुर मंडल ने रेल कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण को पहचान देने के लिए मैन ऑफ द मंथ पुरस्कार योजना शुरू की है। जोधपुर रेल मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इसके तहत हर महीने विभागवार बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।

......

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मन की बात मासिक कार्यक्रम के लिए श्रोता 27 जून तक सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर दिये जा सकते हैं। वहीं इन सुझावों को नरेंद्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी भेजा जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम इस महीने की 29 तारीख को होगा। कार्यक्रम की ये 123वीं कड़ी होगी।

0000